# अर्थव्यवस्था एवं इसके विकास का इतिहास

1. आधारभूत संरचना किसे कहते हैं? अथवा, आर्थिक संरचना का क्या महत्व है?

**उत्तर-** आधारिक संरचना या आधारभूत संरचना का आशय वैसी विधाओं या सेवाओं से है जो देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण स्थान हैं। आधारिक संरचना की श्रेणी में, बिजली, परिवहन, संचार, बैंकिंग, कल कॉलेज, अस्पताल, रेल, सड़क आदि आते हैं। देश के विकास के साथ आधारिक संरचना का सम्बन्ध समानुपातिक है। जिस अनुपात में आधारिक संरचना का विकास होता जाएगा उसी अनुपात में आर्थिक विकास दर भी बढ़ता चला जाएगा।

2. मिश्रित अर्थव्यवस्था क्या है?

**उत्तर-** मिश्रित अर्थव्यवस्था के अन्तर्गत उत्पादन के साधनों पर निजी व्यक्तियों तथा सरकार दोनों का स्वामित्व होता है। तद्नुरूप उत्पादन भी होता है। आय स्वरूप लाभों का व्यय भी दोनों अपने-अपने क्षेत्रों में करते हैं। इस प्रकार दोनों ही मिश्रित अर्थव्यवस्था के अन्तर्गत आते हैं। मिश्रित अर्थव्यवस्था समाजवादी तथा पूँजीवादी व्यवस्था की मध्यमार्गी प्रवृत्ति है। मिश्रित अर्थव्यवस्था का उद्देश्य सूक्ष्म लाभ कमाना, उपभोक्ता को जन्म देना, आर्थिक समृद्धि एवं समानता लाना आदि।

3. आर्थिक नियोजन क्या है? इसके मुख्य उद्देश्य क्या हैं?

**उत्तर-** आर्थिक नियोजन का अर्थ राष्ट्र की प्राथमिकताओं के अनुसार देश के संसाधनों का विभिन्न विकासात्मक क्रियाओं में प्रयोग करना है। इस प्रकार अर्थव्यवस्था के लिए उपलब्ध संसाधनों का ऐसा नियोजन, समन्वय एवं उपयोग है जिनसे हम समयबद्ध कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व निर्धारितम सामाजिक एवं आर्थिक उद्देश्यों को प्राप्त कर डालते हैं। – उद्देश्य-() भारत में व्याप्त गरीबी, निर्धनता को समाप्त करना। (ii) शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना। (ii) प्रति व्यक्ति आर्थिक आय में बढ़ोतरी करना। (iv) देशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करना। (v) भूमि की उर्वरा शक्ति का शत प्रतिशत उपयोग कर भारत की समृद्धि में अप्रत्याशित बढ़ोतरी करना।